आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 01:37 तक उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 9 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 229, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार



# फिजियोथैरेपी में बताया योग का महत्व



**बरेली, अमृत विचार :** श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी में योगा थ्यूरी साइंस पर गेस्ट लेक्चर हुआ। अतिथि व्याख्यान में लखनऊ के मेदांता अस्पताल के डॉ. मिथुन प्रकाश (पीटी) ने अपने सहयोगी मोहिनी पाराशरी के साथ मिलकर छात्रों को पूर्ण योग की जानकारी प्रदान करते हुए योगाभ्यास भी कराया। प्रिंसिपल आईपीएस डॉ. जसप्रीत कौर, फिजियोथैरेपी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. नवीला खानम (पीटी), कालेज के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. शिवांक चौधरी (पीटी) एवं पैरामेडिकल संकायों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अगुवाई छात्रा उन्जीला सिद्दीकी ने की और समापन अतिथियों को प्रस्तुति चिह्न भेंट कर छात्रा मदीहा खान ने किया।